हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 अगस्त, 2025

12 ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा चालान बकाया रखने वालों की खैर नहीं



12 शहर के सड़कें जर्जर, अब पैच वर्क कर रहे



**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 24 को

**सिरसा।** भाविप माधव शाखा के सचिव सतपाल जोत ने बताया कि शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 24 अगस्त को परिषद भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में होगी। इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व प्राचार्य सतीश मितल को संयोजक व राकेश कंबोज को सहसंयोजक का दायित्व दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रांतीय पर्यवेक्षक रवींद्र मेहता एडवोकेट विशेष रूप से पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष भाविप उत्तर क्षेत्र द्वितीय के क्षेत्रीय संस्कार गतिविधि संयोजक हरिओम भारद्वाज होंगे जबकि जेपी गुप्ता मुख्यातिथि, डॉ. रोहित डुमरा विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

### पनिहारी में बिल्डिंग मैटेरियल फैक्ट्री से नकदी चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव पनिहारी में बिल्डिंग मैटेरियल फैक्ट्री से अज्ञात लोग करीब 19 हजार रुपये की नकदी चुरा कर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में मनीष उप्पल ने बताया कि वह बिल्डिंग मैटेरियल का काम करता है और पनिहारी गांव में उनकी फैक्ट्री है। अक्सर फैक्ट्री में मजदूर-कर्मचारियों के साथ रहते हैं और काम चलता रहता है। बीती शाम करीब साढे 7 बजे भी फैक्ट्री में काम चल रहा था। उसे देखने के लिए वह गया था। जब वापस आया तो काउंटर के दराज में रखे पैसे निकालने लगा तो देखा कि दराज खुला पड़ा था। उसमें पैसे नही थे। मनीष ने बताया कि फिर उन्होंने अपनी फैक्ट्री में लगे कैमरे चेक किए तो वारदात का पता चल पाया। सीसीटीवी फुटेज में 2 युवक बाइक पर आते हैं और दुकान की दराज में रखे करीब 19 हजार कैश चोरी कर ले रहे हैं।

## पूर्व विधायक, ग्राम पंचायत व भाजपा अलग-अलग रखेंगे मांग पत्र

# सीएम आज फतेहाबाद में गोशालाओं को वितरित करेंगे करोड़ों का अनुदान

### खेल ग्राउंड में उतरेगा सीएम का हेलीकॉप्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 23 अगस्त को जिला फतेहाबाद के गांव बड़ोपल में श्री कृष्ण गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे जिले की विभिन्न गोशालाओं को सरकार की ओर से दी जा रही वित्तीय सहायता के चेक वितरित करेंगे। इस कार्यक्रम में सीएम को पूर्व विधायक दुड़ाराम, ग्राम पंचायत बड़ोपल और भाजपा के जिला प्रधान प्रवीन जोड़ा अलग-अलग मांग पत्र देंगे। बताया गया है कि सेमग्रस्त भूमि के समाधान इनकी मुख्य मांग रहेगी। सीएम हेलीकाप्टर से बड़ोपल पहुंचेंगे। इसके लिए गांव बड़ोपल के खेल स्टेडियम में हैलीपेड बनाया गया है। कार्यक्रम को लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एएसपी दिव्यांशी सिंगला, एसडीएम राजेश कुमार व जिप सीईओ सुरेश कुमार ने शुक्रवार को गांव बड़ोपल स्थित गौशाला परिसर और जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाए। आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने गौशाला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ पार्किंग व्यवस्था, टेंट प्रबंधन, सीटिंग अरेंजमेंट और मंच की तैयारी करने के निर्देश दिए। एडीसी अनुराग ढालिया ने अधिकारियों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं।



**फतेहाबाद।** गांव बड़ोपल में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर व्यवस्थाओं का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### सीएम के दौरे के मद्देनजर मानव रहित हवाई उड़ान पर लगाया प्रतिबंध

अतिरिक्त जिलाधीश अनुराग ढालिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए 23 अगस्त को जिला के गांव बड़ोपल में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम की सुरक्षा के दृष्टि से हैलीपेड स्थल व जनसभा के 500 मीटर क्षेत्र में अस्थाई तौर पर रेड जोन बनाने तथा खेल स्टेडियम गांव बड़ोपल में बने हैलीपेड स्थल व जनसभा स्थल के 5 किलोमीटर के क्षेत्र में किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई उड़ान जैसे ड्रोन, पैराग्लाइडर इत्यादि की उड़ान पर प्रतिबंध लगाया है। आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अनुसार दंड का भागी होगा।



**फतेहाबाद।** गौवंश की सेवा करते स्वामी सदानंद जी महाराज। *फोटो: हरिभूमि*

### जिले की 65 गोशालाओं में से 27 का संचालन कर रहे हैं स्वामी सदानंद महाराज

**फतेहाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज फतेहाबाद के गांव बड़ोपल में आ रहे हैं। वह यहां जिले की 65 गोशालाओं में गौवंश के लिए करोड़ों रुपये का अनुदान जारी करेंगे। खास बात यह है कि इनमें से 27 गोशालाएं श्री कृष्ण प्रणामी के नाम से स्वामी सदानंद महाराज द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से संचालित की जा रही हैं। इन 27 गौशालाओं में 15 हजार गौवंश की सेवा होती है। इन गोशालाओं को सीएम 1 करोड़ 18 लाख 450 रुपये की अनुदान राशि जारी करेंगे। श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला के प्रधान व प्रमुख सेवादार अशोक भुक्कर व विनोद तायल ने बताया कि स्वामी सदानंद जी महाराज का सपना था कि भट्टू खंड के प्रत्येक गांव में गोशाला खोली जाए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार और प्रशासन उनका सहयोग करता है तो वह प्रत्येक गांव में गोशाला खोलने में सक्षम हैं। इसके अलावा प्रदेश के हर जिले में एक नंदीशाला खोलने के लिए भी तैयार हैं।

### स्वामी सदानंद जी महाराज आज गांव भूथनकलां में

गांव भूथन कलां में गौतम परिवार की ओर से अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा का तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कथा का वाचन परमहंस संत शिरोमणि श्री 108 डॉ. स्वामी सदानंद महाराज करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रमुख समाजसेवी विनोद तायल ने बताया कि कथा का आयोजन 23 व 24 अगस्त को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक तथा 25 अगस्त को प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक गौतम कुंज, इंद्र कुमार शर्मा व अंजना शर्मा के निवास स्थान, भूथन कलां, फतेहाबाद में होगा। कथा आयोजन के लिए प्रमुख समाजसेवी विनोद तायल सहित आयोजक राजकुमार-कल्पना शर्मा व इंद्र कुमार-अंजना शर्मा ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित पधारकर कथा का लाभ लेने की अपील की है।

## रिटायर्ड सूबेदार से 5.35 लाख की वसूली का मामला, मुख्य आरोपी महाबीर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

रिटायर्ड सूबेदार रणधीर सिंह उर्फ धीर सिंह के साथ संगठित हनी ट्रैप और धोखाधड़ी के मामले में थाना भूना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी महाबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। महाबीर मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला उन्नाव के गांव दरौली का रहने वाला है, जो फिलहाल भूना में रह रहा था। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में हिसार जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि महाबीर, उसकी पत्नी और अन्य सहयोगियों ने एक पूर्व नियोजित साजिश के तहत सूबेदार को जाल में फंसा कर 5 लाख 35 हजार रुपये की अवैध वसूली की। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी नरसिंह बिश्नोई और थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई ने खुद जांच की कमान संभाली और हर पहलू की गहराई से पड़ताल की।

### फौजी की शिकायत पर एक महिला सहित सात दर्ज पर हुई एफआईआर

पीड़ित सूबेदार ने पुलिस को सौंपी शिकायत में आरोप लगाया था कि आरोपी पहले किरायेदार बनकर उसके घर में रहने लगे, फिर बाद में महिला द्वारा झूठे आरोप लगाकर ब्लैकमेल किया गया। शिकायत के साथ दी गई ऑडियो रिकॉर्डिंग और पेन ड्राइव में मौजूद डिजिटल साक्ष्यों की तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने 20 अगस्त को महाबीर और उसकी पत्नी व कुलदीप बौद्ध, टेकराम, दिनेश बौद्ध, रमन बैंस व हरपाल बौद्ध के खिलाफ बीएनएस की धारा 308(2), 308(7), 61(2) के तहत केस दर्ज किया।



**भूना।** पुलिस की हिरासत में मुख्य आरोपी महाबीर सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### थाने का घेराव किया, तो पुलिस हरकत में आई

शिकायतकर्ता के समर्थन में ग्रामीणों और शहरवासियों ने बड़ी संख्या में साथ दिया। गुरुवार को हजारों लोगों ने भूना थाने का घेराव किया और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और देर रात महाबीर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें पूरा षड्यंत्र सामने आया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। इनमें कुलदीप बौद्ध, टेकराम, दिनेश बौद्ध, रमन बैंस व हरपाल बौद्ध के नाम सामने आए हैं।

### फौजी की शिकायत के बाद क्रॉस केस होने पर लोगों में नाराजगी बढ़ी

यह मामला तब चर्चा में आया जब सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल हुआ और पीड़ित के समर्थन में लोगों ने एकजुटता दिखाई। पूर्व में भी आरोपियों के खिलाफ ऐसे मामलों की चर्चा रही है। पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर पहले रिटायर्ड फौजी और सोनू नामक युवक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया था, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई।गुरुवार को हुई महापंचायत और विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## जलभराव से 10 से अधिक गांवों में फसलों को नुकसान

- गंजा रुपाणा के ग्रामीणों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा सरकार द्वारा जलभराव से हुई फसलों के नुकसान के आंकलन के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। जिसमें सिरसा जिले के नाथुसरी चोपटा खंड में 10 से अधिक गांवों में जल भराव से फसलें नष्ट हुई है। लेकिन सरकार द्वारा मात्र दो गांव शक्कर मंदोरी और शाहपुरिया गांवों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल को खोला गया है। इसको लेकर अन्य गांव के किसानों में भारी रोष व्याप्त है। गांव रुपाणा गंजा के किसानों ने इस बाबत उपयुक्त को ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने अपने गांव में जल भराव से हुई फसलों के नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग की है।

डीसी को ज्ञापन सपना के बाद गांजा रुपाणा के सरपंच मंजू रानी, किसान राम सिंह, भगत सिंह, रतिराम, संदीप कुमार, अजय कुमार, शेर सिंह ने बताया कि उनके गांव में पिछले दिनों हुई बारिश से फसलों में जल भराव के कारण सैकड़ो एकड़ फसल नष्ट हो गई। कृषि विभाग द्वारा आकलन किया गया तो उनके गांव में करीब 500 एकड़ से अधिक जमीन में जल भराव दर्शाया गया था, लेकिन अब राजस्व विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है जिसमें उनके गांव का नाम नहीं है। चोपटा खंड के मात्र दो गांव शाहपुरिया और शक्कर मंदोरी के किसानों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। किसानों का कहना है कि कृषि विभाग के आकलन और राजस्व विभाग के आकलन में कितना फर्क कैसे हो सकता है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि उनके गांव में जल भराव वाली फसलों का सही आकलन करवा कर क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला जाए।



**सिरसा।** चोपटा खंड में खेतों में जमा हुआ बरसाती पानी। *फोटो: हरिभूमि*

### इन गांवों में फसलें हुई जलमग्न

बारिश से नाथूसरी चोपटा खंड के करीब 10 गांवों में 2608 एकड़ से अधिक कृषि भूमि जलभराव की चपेट में आ चुकी है। कृषि विभाग के अनुसार, इनमें से 1110 एकड़ में 50 से 75 प्रतिशत तक फसल खराब हो चुकी है, जबकि 1500 एकड़ भूमि पर 100 प्रतिशत फसल नष्ट हो गई है। प्रभावित गांवों में तरकांवाली, शाहपुरिया, शक्कर मंदोरी, गंजा रुपाणा, रुपाणा बिश्नोईयां, माखोसरानी, नाथूसरी कला,दड़बा कलां, गुड़िया खेड़ा, चाहरवाला आदि प्रमुख हैं।

## देवीलाल चौक पर पलटा ट्रक, बाल-बाल बचा ड्राइवर

- वाहन चौक की ग्रिल से टकराते हुए सड़क पर पलट गया

**चोपटा।** नाथूसरी चौपटा स्थित चौधरी देवीलाल चौक पर एक ट्रक पलटने से यातायात व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को सडक़ से हटवाया और यातायात को सुचारू करवाया। बताया जा रहा है कि पंजाब के मानसा से जयपुर जा रहा ट्रक ड्राइवर बहादुर सिंह रोटावेटर मशीनें ले जा रहा था। चौधरी देवीलाल चौक के पास पहुंचते ही ट्रक का टायर फट गया। टायर फटने से ट्रक बेकाबू हो गया। वाहन चौक की ग्रिल से टकराते हुए सड़क पर पलट गया। हादसे में ड्राइवर बाल-बाल बच गया। घटना से सिरसा-भादरा रोड और नोहर-भट्टु रोड पर यातायात बाधित हुआ। वाहन ड्राइवरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार सुबह क्रेन की मदद से पलटे हुए ट्रक को सडक़ से हटाया गया। इसके बाद यातायात व्यवस्था सामान्य हो गई।

### पुस्तकालय शिफ्ट होने के साथ हजारों किताबें हटाई गई

# आप सांसद ने सीएम को लिखा पत्र

- पुस्तकालय अब केवल एक रीडिंग रूम तक सीमित होकर रह गया है

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद जिला पुस्तकालय का मुद्दा पहली बार इतनी तेजी से सुर्खियों में आया है। अब यह केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी गूंजने लगा है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर इस विषय पर तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। सांसद संजय सिंह ने अपने पत्र में कहा कि जिला पुस्तकालय को बाल भवन में शिफ्ट कर दिया गया है और हजारों किताबें हटा दी गई हैं। परिणामस्वरूप यह अब केवल एक रीडिंग रूम तक सीमित होकर रह गया है, जिससे विद्यार्थियों और पाठकों को गंभीर असुविधा हो रही है। बता दें कि यह पहला अवसर है जब जिला पुस्तकालय का मामला राज्यसभा के किसी सांसद तक पहुंचा है।



**फतेहाबाद।** जिला पुस्तकालय को लेकर आप सांसद संजय सिंह को ज्ञापन सौंपते राधेश्याम सोनी। *(फाइल फोटो)*

### हजारों किताबें बोरियों में बंद पड़ी

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2007 में स्थापित पुस्तकालय को कई बार इधर-उधर शिफ्ट किया गया। वर्तमान में यह बाल भवन में सीमित जगह में चल रहा है, जहां केवल रीडिंग रूम की सुविधा है और हजारों किताबें बोरियों में बंद पड़ी हैं। अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह के पत्र के बाद स्पष्ट है कि यह मामला आने वाले दिनों में और गरमाने वाला है। पाठकों और आजीवन सदस्यों का कहना है कि इतिहास में पहली बार जिला पुस्तकालय के मुद्दे को इतनी गंभीरता से लिया जा रहा है। अब निगाहें इस पर हैं कि मुख्यमंत्री नायब सैनी जिला प्रशासन को क्या निर्देश देते हैं और क्या फतेहाबाद को उसका पहला आधुनिक जिला पुस्तकालय मिल पाएगा। बता दें कि इस मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम सोनी ने दिल्ली में संजय सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन भी सौंपा था।





# सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।

## लाइफ Style



# कृति वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

मुंबई।कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।



# एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध


**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



# टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है।

टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



# अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

### गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के जरिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।



# दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

# एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी



**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।'इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।



## जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

# वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

## खबर संक्षेप

### हमले व लूटपाट में एक और आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सामूहिक हमले और लूटपाट के एक गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी जसपाल सिंह पुत्र केवल सिंह, निवासी गांव चिम्मो को थाना शहर रतिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस केस में अब तक 8 आरोपी काबू किए जा चुके हैं। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 18 जनवरी को पीड़ित कमल कुमार निवासी भरपूर, रतिया ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि जब वह कोर्ट में वकील से मिलने आया, तब जसपाल सिंह, दीपू जाट, पपली, रविन्द्र उर्फ गिन्नू, बब्बू उर्फ पोपल, काली, लवप्रीत खोखर और जगसीर उर्फ जागर ने गैंग बनाकर उस पर हमला कर दिया।

### डोडा पोस्त सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया टीम ने एक युवक को डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने डीएसपी टोहाना की निगरानी में गांव दीवाना के पास नाकाबंदी की। इस दौरान गांव मकोड़ साहिब, जिला संगरूर, पंजाब निवासी मंगत सिंह उर्फ काका पुत्र गेबा राम को मोटरसाइकिल सहित मौके पर काबू किया गया।

### ओशो ध्यान उपवन में शिविर आज

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 23 व 24 अगस्त को मीरा प्रेम दीवानी दो दिवसीय ध्यान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो दिवसीय ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि इस शिविर में स्वामी सच्चिदानंद ध्यान के विविध आयामों पर चर्चा करते हुए सच्चे प्रेम की व्याख्या करेंगे।

### गोगामेडी यात्रियों के लिए भंडारा कल से

**आदमपुर।** आदमपुर सुदामा गोसेवा समिति द्वारा गोगामेडी यात्रियों के लिए आदमपुर ओशो चौक पर 24 अगस्त से 2 सितंबर तक भंडारा लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विनोद वर्मा ने बताया कि इस दौरान यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी तथा भंडारा लगाया जाएगा। उधर, काली रावण स्थित गोगामेड़ी धाम पर भी 10 दिन तक भंडारा लगाया जाएगा।

## नशा पीड़ितों को उपचार और परामर्श उपलब्ध करवाए

# रतिया व रताखेड़ा में फतेहाबाद पुलिस ने नुक्कड़ सभाएं कराई

■ अभियान का उद्देश्य न केवल नशा तस्करों पर शिकंजा कसना है, बल्कि नशा पीड़ितों को पुनर्वास और बेहतर जीवन की ओर प्रेरित करना भी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस जिलेभर में नशा उन्मूलन और जन-जागरूकता के लिए विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल नशा तस्करों पर शिकंजा कसना है, बल्कि नशा पीड़ितों को पुनर्वास और बेहतर जीवन की ओर प्रेरित करना भी है। इसी क्रम में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा एसआई सुंदर के नेतृत्व में वार्ड नंबर 12, रतिया में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गई, जिनमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। सभाओं के दौरान टीम ने नशे के सामाजिक, मानसिक और आर्थिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और युवाओं को इससे दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर 8 नए ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया गया, जिन्हें आगामी नशा मुक्ति शिविर में चिकित्सकीय उपचार व परामर्श उपलब्ध करवाया जाएगा।



**फतेहाबाद।** लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करती नशामुक्ति टीम। फोटो : हरिभूमि

इसके अतिरिक्त, एडीजीपी कार्यालय प्रवक्ता एवं थाना प्रभारी सदर टोहाना के नेतृत्व में टीम द्वारा गांव रताखेड़ा में भी एक नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। सभा में ग्रामीणों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि पुलिस केवल अपराधियों पर कार्रवाई नहीं कर रही, बल्कि पीड़ितों को सहयोग और उपचार भी प्रदान कर रही है। इस दौरान एक नए चिन्हित व 9 पूर्व चिन्हित पीड़ितों को काउंसलिंग दी गई और उन्हें आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक औषधियां भी प्रदान की गई। फतेहाबाद पुलिस ने लोगों से अपील की कि वह नशे से दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। नशा तस्करी या अवैध धंधों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# डबवाली में सीएम नायब सैनी के आगमन पर पूर्व विधायक अमित सिहाग ने लिखा खुला पत्र

■ नशा सहित क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का किया जिक्र, समाधान हेतु सुझाव भी दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक अमित सिहाग ने मुख्यमंत्री के नाम खुला पत्र लिखा है। अमित सिहाग ने शुक्रवार को जारी प्रेस बयान में बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 24 अगस्त को डबवाली में मैराथन करने आ रहे हैं। पत्र में उन्होंने हलके की विभिन्न समस्याओं का जिक्र करते हुए उनके समाधान हेतु अहम सुझाव भी उनको दिए हैं। अमित सिहाग ने कहा कि नशे की लड़ाई में कामयाबी हासिल करने के लिए नशा मुक्ति केंद्र होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में सरकार ने विधानसभा में उनके द्वारा उठाई गई मांग पर डबवाली में नशा मुक्ति केंद्र बनाया था और उसमें मनोरोग चिकित्सक की नियुक्ति भी की थी, लेकिन एक माह बाद उनका स्थानांतरण कर दिया गया था। उन्होंने मुख्यमंत्री को सुझाव दिया है कि अगर सच में वो नशे के प्रति गंभीर हैं तो डबवाली में कम से कम 50 बेड का नशा मुक्ति केंद्र तथा उसमें नियमित मनोरोग चिकित्सक की नियुक्ति करें और साथ ही जो लोग नशा छोड़ रहे हैं उनके पुनर्वास का भी काम किया जाए ताकि वो समाज की मुख्य धारा में वापस आ सके। पूर्व विधायक ने कहा कि मैराथन से मानसिकता में व्यापक बदलाव नहीं आ सकता, ऐसे में युवाओं को खेलों की तरफ प्रोत्साहित करके उनका ध्यान नशे से हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बतौर विधायक उन्होंने अपने कार्यकाल में डबवाली के गुरु गोबिंद सिंह खेल स्टेडियम को अपग्रेड करके राज्य स्तरीय खेल स्टेडियम बनाने की मांग की थी और उसके लिए पैसा भी मंजूर हो चुका है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार गुरु गोबिंद सिंह खेल स्टेडियम को राज्य स्तरीय खेल स्टेडियम बना दे तो हमारे यहां के युवा भी देश और हरियाणा का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे, जिनसे प्रेरित होकर अन्य युवा भी नशा छोड़ खेलों की तरफ अग्रसर होंगे। अमित सिहाग ने कहा है कि डबवाली और हरियाणा में नशे और बेरोजगारी का कुचक्र चल रहा है।

बेरोजगारी के चलते युवा दुर्भाग्यवश नशे की तरफ आकर्षित हो रहे हैं और इस कुचक्र को तोडऩा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार हर ब्लॉक पर उद्योग धंधे स्थापित करने के अपने नारे को धरातल पर लागू करते हुए रोजगार के अवसर पैदा करे। पूर्व विधायक ने कहा है कि डबवाली का 30 हजार एकड़ क्षेत्र बागवानी का है और अगर यहां पर किन्नू मंडी बना, फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाया जाए और इसके साथ-साथ हिसार की तर्ज पर मोटर मार्केट, कृषि उपकरण औद्योगिकरण किया जाए तो रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## डोडा पोस्त तस्करी में संलिप्त एक और आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** डोडा पोस्त तस्करी प्रकरण में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिससे अब तक इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की संख्या 7 हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहताश पुत्र ओमप्रकाश निवासी खेत ढाणी, ढ़िलकी जाटान, जिला हनुमानगढ़, राजस्थान के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इससे पूर्व काजलहेड़ी बस अड्डा के पास नाकाबंदी के दौरान स्विफ्ट डिज़ायर कार में सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी से दो प्लास्टिक कट्टों में भरे कुल 39 किलो 66 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया था। इसके अतिरिक्त, 17,030 नगद राशि, तीन मोबाइल फोन और कार से संबंधित दस्तावेज भी कब्जे में लिए गए थे। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी रोहताश एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट व जुआ अधिनियम के तहत चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संबंध में थाना सदर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच प्रक्रिया नियमानुसार जारी है, और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है।

*शुक्रवार को पूरे हरियाणा की बार में वर्क सस्पेंड किया था*

# अधिवकता अमित सिहाग पर दर्ज एफआईआर रद्द, विवाद सुलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के अधिवक्ता अमित सिहाग पर दर्ज की गई एफआईआर को लेकर पुलिस व अधिवक्ताओं के बीच चल रहा विवाद शुक्रवार को समाप्त हो गया है। पुलिस ने अधिवक्ता अमित सिहाग पर दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। इस मामले को लेकर अधिवक्ता पिछले कई दिनों से नो वर्क पर चल रहे थे। अब सोमवार से वकील काम पर लौटेंगे। यह जानकारी जिला बार संघ के प्रधान गंगाराम ढाका ने शुक्रवार को जिला बार में पत्रकारों से बातचीत में दी।



**सिरसा।** पत्रकारों से बातचीत करते जिला बार एसोसिएशन के प्रधान व अन्य।

गंगाराम ढाका ने बताया कि अन्याय के खिलाफ लड़ना अधिवक्ताओं का काम है। इस मामले में पुलिस द्वारा की गई एकतरफा कार्रवाई को लेकर सिरसा कोर्ट में वर्क सस्पेंड चल रहा था। वहीं शुक्रवार को सिरसा बार की कॉल पर पूरे हरियाणा की बार में वर्क सस्पेंड कर दिया, जिससे प्रदेश भर की कोर्ट में कार्रवाई बंद हो गई और आम जनता को भी परेशानियां झेलनी पड़ रही थी। प्रदेश की बार में वर्क सस्पेंड के बाद सरकार व अधिकारी हरकत में आए।

उन्होंने बताया कि भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा व जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट ने इस संबंध में सरकार की ओर से मध्यस्ता करते हुए अधिवक्ता अमित सिहाग पर दर्ज की गई एफआईआर को रद्द करवाने में अहम भूमिका निभाई, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। सैशन जज, जिला बार सहित प्रदेश भर की बार के अधिवक्ता भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने इस मामले को सुलझाने में सहयोग किया। वहीं भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा ने कहा कि पुलिस व जनता के बीच न्यायिक व्यवस्था में अधिवक्ता बहुत महती भूमिका निभाते हैं। जब उन्हें मामले से अवगत करवाया गया तो वे मुख्यमंत्री के संज्ञान में मामले को लेकर आए। इसके बाद सरकार की ओर से डीजीपी को तुरंत मामले के पटाक्षेप के आदेश दिए गए।

### मदर इंडिया स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा समिति के द्वारा व्याकरण प्रतियोगिता

**रतिया।** मदर इंडिया स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा समिति के द्वारा व्याकरण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय से लगभग 200 छात्रों ने अपनी प्रतियोगिता दर्ज करवाई। व्याकरण प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी से दसवीं कक्षा तक के छात्र शामिल रहे। राष्ट्रीय शिक्षा समिति की तरफ से संदीप नैन ने प्रतियोगिता का नेतृत्व किया। प्राचार्य लोकेश खुराना ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना के द्वारा कई वर्षों से व्याकरण प्रतियोगिता का सराहनीय कार्य करवाया जा रहा है जो कि बच्चों में व्याकरण बोध को बढ़ाने में एक अहम योगदान साबित हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक बसंत लाल बत्रा के द्वारा की गई तथा विद्यालय चेयरपर्सन कन्नूप्रिया खुराना और उप प्राचार्य साक्षी बत्रा भी उपस्थित रहे।

*कर्मचारी के अधिकारों के साथ नहीं होने दिया जाएगा खिलवाड़*

# हर कर्मचारी को तुरंत मिले सर्विस एक्ट का लाभ : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की जिला कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को अधीक्षक अभियंता कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जीवन ठाकुर ने कहा कि सर्विस रूल्स और जॉब सुरक्षा, संगठन की ऐतिहासिक उपलब्धि है, अब अधिकारियों को चाहिए कि इसे तुरंत लागू करें ताकि हर कर्मचारी तक इसका लाभ पहुंचे। उन्होंने ने कहा कि संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता इसे अपनी खुद की जिम्मेदारी समझते हुए अपना व अपने साथियों का पुरा डाटा सही और जल्दी अपलोड करवाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी के अधिकारों के साथ कभी खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला सचिव चरणजीत वर्मा ने स्पष्ट कहा कि 0 से 5 वर्ष की सेवा वाले कर्मचारी बिल्कुल न घबराएं और किसी अफवाह में न आएं। संघ



**सिरसा।** बैठक करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

का हर सदस्य सुरक्षित है और संगठन अपने प्रत्येक साथी के अधिकारों के लिए संकल्पबद्ध है। जिलाध्यक्ष जीवन ठाकुर ने कहा कि सरकार और विभाग अब टालमटोल छोडक़र तुरंत कार्रवाई करें, अन्यथा कर्मचारी आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। बैठक में सभी जिला, डिवीजन और सब-डिवीजन पदाधिकारी शामिल हुए और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक उपरांत जिला पदाधिकारियों ने सिरसा के विभागीय उच्च अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द हर कर्मचारी को सर्विस एक्ट का लाभ दिलाया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हवा सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भोभिया, जिला कोषाध्यक्ष संदीप सुथार, जिला सह सचिव नरेश जांगड़ा, जिला प्रेस सचिव बलजीत सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य रमनदीप सिंह व अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि संगठन की ताकत ही हमारी गारंटी है।





**रतिया।** दवाओं सहित पकड़ा गया युवक। फोटो : हरिभूमि

## मेडिकल हाल के बाहर नशीली दवाओं सहित पकड़ा गया युवक, जांच जारी

**रतिया।** पुलिस ने नशीली गोलियों के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। युवक मेडिकल स्टोर के बाहर नशीली गोलियां लेकर आया था। उसके पास से पुलिस ने प्रतिबंधित गोलियां और कैप्सूल बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस ने ड्रग ऑफिसर को सूचना दी है। मेडिकल संचालक भी शक के घेरे में हैं। उससे भी पूछताछ की जाएगी। रतिया शहर थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक पर नशीली गोलियां लेकर टोहाना रोड स्थित बलवान मेडिकल स्टोर के बाहर आया है। वह जैसे ही वहां पहुंचा पुलिस ने उसे पकड़ लिया। युवक का नाम रवि कुमार है। युवक के पास 130 नशीली गोलियां और 600 कैप्सूल थे। इन दवाइयों के बिलों के बारे में उससे पूछा गया तो वह कोई बिल पेश नहीं कर सका। फिलहाल जांच जारी है।

## शिविर में 102 लोगों की जांची आंखें 12 आप्रेशन के लिए चयनित



**सिरसा।** शिविर में मरीजों के आंखों की जांच करते चिकित्सक।

**सिरसा।** बाबा बिहारी नेत्रालय की ओर से आंखों की जांच व आप्रेशन का निःशुल्क कैंप श्री युवक साहित्य सदन स्थित बाबा बालकनाथ चैरिटेबल अस्पताल में आयोजित किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. नीरू गिजवानी की टीम द्वारा 102 लोगों की आंखों की जांच की गई और 12 लोगों को आप्रेशन के लिए चयनित किया गया। जांच के लिए आए मरीजों को जरूरत अनुसार दवाएं भी निःशुल्क दी गई। शिविर में बाबा बालकनाथ चैरिटेबल अस्पताल की ओर से डॉ. रवि अनेजा व उनकी टीम का भी सहयोग रहा। इस मौके पर डॉ. नीरू गिजवानी ने कहा कि आंखें मनुष्य को भगवान की सबसे अनमोल देन है। समय-समय पर इनकी देखभाल करना जरूरी है। आंखों संबंधी किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें। कोई भी समस्या होने पर तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करें, ताकि समय रहते समस्या को दूर किया जा सके। इस मौके पर बाबा बिहारी नेत्रालय के अध्यक्ष प्रवीन बागला, सुनील चचाण, राकेश, अभया, ममता सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## तनिष्क में शुरू हुआ फेस्टिवल ऑफ डायमंड अब अंतिम चरण में



**सिरसा।** ज्वेलरी की दुनिया का विश्वसनीय नाम तनिष्क "फेस्टिवल ऑफ डायमण्ड" लेकर आया है। इस खास अवसर पर ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी पर शानदार ऑफर्स और विशेष छूट दी जा रही है। शादी-ब्याह की तैयारियों से लेकर गिफ्टिंग और सेल्फ-शॉपिंग तक, हर जरूरत के लिए यह फेस्टिवल ग्राहकों को बेहतरीन विकल्प प्रदान करता है। सिरसा स्टोर मैनेजर ने बताया कि इस फेस्टिवल में चुनिंदा डायमंड ज्वेलरी पर आकर्षक स्कीम और डिस्काउंट का लाभ उठाया जा सकता है। ऑफर सीमित समय के लिए है, ऑफर की अंतिम तिथि नजदीक है, इसलिए मौका हाथ से जाने से पहले ग्राहक जल्द से जल्द नजदीकी तनिष्क शोरूम पर विजिट करके इस सुनहरे मौके का फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गहनों के शौकीनों और शादी-ब्याह की तैयारियों में जुटे लोगों के लिए यह ऑफर बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। इस ऑफर में डायमंड ज्वेलरी पर विशेष डिस्काउंट और कई तरह के आकर्षक लाभ भी दिए जा रहे हैं।

## भादवा मेले में भंडारा लगाने के लिए 4 ट्रक सामग्री 100 सेवादारों के साथ रवाना



**फतेहाबाद।** भंडारे के लिए रवाना होता जत्था।

**फतेहाबाद।** बाबा रामदेव जी सोशल चैरिटेबल ट्रस्ट फतेहाबाद की ओर से भगवान द्वारिकाधीश अवतार बाबा रामदेव महाराज के समाधि स्थल रूनेचा धाम, रामदेवरा में लगने वाले 15वें विशाल भंडारे के लिए शुक्रवार को जत्था रवाना हुआ। अनाज मंडी के शेड के नीचे से खाद्य सामग्री से भरे 4 बड़े ट्रकों को 100 सेवादारों के साथ ट्रस्ट के संरक्षक भजन लाल कालवास व प्रधान मंगतराम लालवास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भजन लाल कालवास व मंगतराम लालवास ने बताया कि हर वर्ष भादवा मेले के उपलक्ष्य में रूनेचा धाम स्थित हरियाणा धर्मशाला, फलौदी रोड पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाता है। इस बार यह भंडारा भादवा शुद्धि एकम 24 अगस्त से लेकर भादवा शुद्धि दसवीं 2 सितंबर तक लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भंडारे में प्रतिदिन देसी घी के नए-नए व्यंजन परोसे जाएंगे। साथ ही श्रद्धालुओं को रहने की व्यवस्था एवं मेडिकल सुविधा भी ट्रस्ट की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। श्री बाबा रामदेवा सेवा समिति ट्रस्ट के प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि बाबा रामदेव महाराज के भादवा मेले में 36 बिरादरी के लाखों श्रद्धालु समाधि स्थल रूनेचा धाम रामदेवरा पहुंचते हैं।

**कार्यक्रम** यात्रा प्रात: 10 बजे पुरानी अनाजमंडी के शैड से शुरू की जाएगी

# 29 को निकालेंगे 'एक यात्रा नशे के खिलाफ' भवानी सिंह करेंगे नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने कहा कि एक संकल्प नशे के खिलाफ एक विशाल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा में फतेहाबाद शहर की गणमान्य संस्थाओं सहित हजारों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद होंगे। भवानी सिंह ने आज होटल सिल्वर स्पून में आयोजित 'एक यात्रा नशे के खिलाफ' विशेष बैठक में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 29 अगस्त को प्रातः 10 बजे पुरानी अनाजमंडी के शैड से शुरू होकर टैक्सी स्टैण्ड, कबीर धर्मशाला होते हुए गुरुनानकपुरा महोल्ले से लेकर रतिया चुंगी पर समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मक्सद आम आदमी को नशे के खिलाफ मुहिम से जोडऩा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का उज्जवल भविष्य आज नशे की वजह से खत्म हो रहा है और हमें इस बचाना है। हमारी लड़ाई नशा तस्करों के खिलाफ है।



**फतेहाबाद।** बैठक को संबोधित करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह।

### नशा जीवन के नाश का दूसरा नाम

नशा जीवन के नाश का दूसरा नाम है। इस बैठक में जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़, एमएम कॉलेज के प्रधान राजीव बतरा, आईएमए से डॉ. पवन मैहता, अरोड़वंश खत्री कम्युनिटी से औम प्रकाश, सिटी वैलफेयर क्लब से विनोद अरोड़ा, रवि भाखड़ ने भी अपने विचार रखे। भवानी सिंह ने कहा कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट का एक ही मिशन है कि किसी तरह फतेहाबाद को नशा मुक्त किया जाए। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि नशे के खिलाफ इस मुहिम में उनका साथ दें, ताकि फतेहाबाद क्षेत्र को नशा मुक्त किया जा सके।

# 54 वरिष्ठ नागरिकों का जांचा गया स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण व स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से हांसपुर रोड पर स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर वृद्ध आश्रम में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में डॉ. सुनीता सोखी, नर्सिंग सहायक प्रवीण व लैब टेक्नीशियन अक्षय की टीम द्वारा सद्गुरु कृपा अपना घर वृद्ध आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों व निराश्रितजनों की स्वास्थ्य जांच की व उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

इस शिविर में जिला कल्याण विभाग से ममता व शारदा तथा जिला समाज कल्याण विभाग से पूनम रानी व रितु ने अपनी-अपनी हेल्प डेस्क लगाई व जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को बुढ़ापा पेंशन बनवाने में आ रही परेशानियों का मौके पर ही समाधान करवाया। इसके साथ ही संबंधित विभाग के कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित हरियाणा सरकार की जन सुविधाओं बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की।



**फतेहाबाद।** मेडिकल कैंप में बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच करते कर्मचारी।

**खबर संक्षेप**

### नवीन ज्ञान, शिक्षण व कौशल समय की मांग

**सिरसा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डिंग में आयोजित पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को संपन्न हो गया। डाइट प्रवक्ता डॉ. विनोद भट्टु ने बताया कि प्राचार्य नीरज पाहुजा ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रवक्ताओं को नवीन ज्ञान, कौशल एवं कार्यकुशलता से सशक्त करते हुए उन्हें शिक्षण अधिगम क्षेत्र में अत्यधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए प्रेरित करने का काम करेगा। प्रवक्ता डॉ. मनोज पुरी ने हरबंस पहेली का रोचक ढंग से प्रयोग करना सिखाया। प्रवक्ता अनिल आईतान ने माध्यमिक गणित किट के प्रयोग करने के बारे में बताया।

### जिले से दो बाइक चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने जाखल व टोहाना क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। जाखल पुलिस को दी शिकायत में नई बस्ती जाखल मण्डी निवासी बबलू ने कहा है कि उसने एक मोटरसाइकिल सुरेश कुमार से दो साल पहले खरीदा था। उसने इस मोटरसाइकिल को गत दिवस जाखल मण्डी में काली माता मंदिर के पास खड़ा किया था। कुछ देर बाद शाम को जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### छात्रा को धमकाने का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने छात्रा को लगातार फोन कॉल, संदेश व अश्लील फोटो भेजकर परेशान करने तथा आत्महत्या कर लेने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने वाले आरोपी फतेहाबाद निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि बीती 5 अगस्त को शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी रोहित पिछले एक वर्ष से विवाह के लिए दबाव बना रहा था और इंकार करने पर बार-बार जान से मारने व आत्महत्या की धमकियां देता था। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से एक पैन ड्राइव बतौर सबूत बरामद किया गया है।

### 1920 प्रतिबंधित गोलियों सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में सीआईए टोहाना टीम ने सफलता हासिल करते हुए गांव साधनवास निवासी महेंद्र सिंह उर्फ निक्का पुत्र मल सिंह को भारी मात्रा में नशीली गोलियों सहित दबोचा है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर डीएसपी टोहाना उमेद सिंह की मौजूदगी में पुलिस टीम ने गांव साधनवास में दबिश दी और आरोपी को मौके से काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1920 टैबलेट्स बरामद की गई, जो एनडीपीएस एक्ट के तहत कॉमर्शियल मात्रा में आती हैं।

## 280 लंबित चालानों का किया गया निपटारा

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा चालान बकाया रखने वालों की खैर नहीं

एसपी जैन ने दो टूक कहा है कि चालान भुगतान से बचने की आदत रखने वालों के खिलाफ अब सहनशीलता नहीं बरती जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** लाल बत्ती चौक पर चैकिंग करते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाकर बार-बार चालान कटवाने के बावजूद भुगतान न करने वालों के लिए अब फतेहाबाद पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के स्पष्ट निर्देश पर ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिन्होंने चालान की निर्धारित समय-सीमा में अदायगी नहीं की है। अब ऐसे लापरवाह वाहन मालिकों की कोई माफी नहीं होगी। एसपी जैन ने दो टूक कहा है कि चालान भुगतान से बचने की आदत रखने वालों के खिलाफ अब सहनशीलता नहीं बरती जाएगी। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त से शुरू हुए इस सघन अभियान में अब तक 280 लंबित चालानों का निपटारा किया जा चुका है। जिले के प्रमुख चेक पोस्टों पर ऐसे वाहनों को रोककर उन्हें मौके पर ही भुगतान करने के लिए बाध्य किया जा रहा है।

पुलिस ने साफ कर दिया है कि जिन वाहन चालकों ने अब तक अपने चालान नहीं भरे हैं, वे आगे किसी भी समय पकड़े जा सकते हैं। ऐसे वाहनों को जब्त करने, चालकों के खिलाफ न्यायालयीन कार्रवाई करने और लाइसेंस निलंबन तक की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। यह सब मोटर वाहन अधिनियम की धारा 167(8) के अंतर्गत किया जाएगा, जिसमें पुलिस को सख्त अधिकार प्राप्त हैं। एसपी जैन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई वाहन चालक यह सोच रहा है कि चालान भरना उसकी मर्जी है, तो वह गंभीर भूल कर रहा है। यह अब एक कानूनी दायित्व है और इसकी अनदेखी उसे भारी नुकसान में डाल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि अब लापरवाही, बहानेबाजी या अनदेखी को किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वाहन चालकों को हिदायत दी गई है कि वे समय रहते अपने चालान की स्थिति जांचें और तुरंत भुगतान करें, अन्यथा अगली बार उन्हें सडक़ पर रोका जाएगा और कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

**लंबित चालानों की सूची तैयार करें**

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लंबित चालानों की सूची तैयार करें, दबिश दें, वाहन जब्त करें और आवश्यकता पडऩे पर चालकों को हिरासत में लें। पुलिस सोशल मीडिया, अखबारों और सार्वजनिक मंचों के माध्यम से आमजन को लगातार आगाह कर रही है कि वे कानून का सम्मान करें और अपने चालान समय पर भरें। जो वाहन मालिक चेतावनी के बावजूद भुगतान नहीं कर रहे, उन्हें आगे बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पुलिस का यह अभियान अब धीमा नहीं पड़ेगा। आने वाले दिनों में और अधिक तेजी और सख्ती के साथ चालान बकायेदारों पर शिकंजा कसा जाएगा। फतेहाबाद पुलिस ने दोहराया है कि जो कानून तोड़ेगा, उसे अब बख्शा नहीं जाएगा।

## ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मारी युवक की मौत, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल क्षेत्र के गांव चांदपुरा में गुरुवार देर रात हुए सडक़ हादसे में बाईक सवार युवक की मौत होने का समाचार है। युवक बाइक पर पंजाब के गांव कुलरियां से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान गांव के पास ही उसकी बाइक को ट्रैक्टर सवार ने टक्कर मार दी। इससे वह बाइक सहित सडक़ पर जा गिरा। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए टोहाना के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, गांव चांदपुरा निवासी 19 वर्षीय हरप्रीत सिंह उर्फ फौजी पुत्र अमरीक सिंह पंजाब के मानसा जिले के गांव कुलरिया में शीशों की दुकान पर काम करता था। वह रोजाना बाइक से आना-जाना करता था। गुरुवार रात को भी वह दुकान पर काम करने के बाद देर वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव चांदपुरा में कुलरिया रोड पर पहुंचा तो किसी ट्रैक्टर सवार ने उसके बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही हरप्रीत बाइक सहित सडक़ पर जा गिरा और उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आरोपी ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि अमरीक सिंह के दो बेटे हैं।

## छात्र ने भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं पर 50 हजार की वसूली का लगाया आरोप

■ पुलिस अधिकारी बोले, मामले की जांच कर रहे

**भूना।** लहरिया गांव के एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं पर एससी/एसटी एक्ट के तहत झूठी शिकायत देकर 50 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। छात्र अनिल पुत्र मेवा सिंह ने पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी को दी शिकायत में बताया कि 19 अप्रैल को फेसबुक पर किए गए एक कमेंट के बाद दिनेश बौद्ध व उसके साथियों ने उसके खिलाफ थाने में झूठी शिकायत दी।

अनिल के मुताबिक, 23 अप्रैल को पंचायत में मामला सुलझाने की बात कही गई, लेकिन समझौते के नाम पर कुलदीप बौद्ध, दिनेश बौद्ध, रमन बैंस और टेकाराम ने 50 हजार रुपये ले लिए। छात्र ने कहा कि वह कई महीनों से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है, इसलिए भविष्य खराब न हो, इस डर से दबाव में आकर पैसे देने पड़े।

उधर, दिनेश बौद्ध ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वे गरीबों की आवाज हैं, इसलिए उन्हें झूठे आरोपों से दबाने की कोशिश हो रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

## शहर के सड़कें जर्जर, अब पैच वर्क कर रहे

■ शहर की बदहाली को मुख्यमंत्री के सामने करेंगे उजागर : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** सीएम आगमन को लेकर पेंचवर्क करते कर्मचारी।

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के सिरसा आगमन से पहले नगरपरिषद द्वारा रातों रात खस्ता हाल सडक़ों पर पैच वर्क करवाया जा रहा है। नगर परिषद के भ्रष्ट अधिकारी अपनी पोल खुलने के डर से सरकार को भी गुमराह करने का काम कर रहे हैं। शुक्रवार को जारी बयान में शर्मा ने कहा कि आगामी 23 अगस्त शनिवार को मुख्यमंत्री का शहर की श्री गौशाला में कार्यक्रम है। इसके चलते नगर परिषद के अधिकारी काठमंडी से लेकर प्रभात पैलेस को जाने वाली सडक़ पर तीन तरह का पैच वर्क करवा रहे हैं। कहीं इंटरलॉकिंग टाइल लगाई जा रही है, तो कहीं बजरी व सीमेंट से सडक़ की मरम्मत की जा रही है। शर्मा ने कहा कि यह रोड पहले ही सीसी मंजूर की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के भ्रष्ट अधिकारी सडक़ मरम्मत के नाम पर लाखों का बिल बनाकर पैसा गबन कर जाएंगे।

**चिंता जताई**

शर्मा ने कहा कि बड़ी हैरानी व चिंता की बात है कि सिर्फ उसी रूट पर पैच वर्क करवाए जा रहे हैं जहां से मुख्यमंत्री का काफिला गुजरना है, जबकि अन्य जर्जर सडक़ों की तरफ कोई ध्यान नहीं। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि ने कहा कि इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री से यह मांग की थी कि सिरसा आगमन के समय वे अपने रूट से हटकर शहर का दौरा जरूर करें, उन्हें विकास की असली तस्वीर देखने को मिल जाएगी। उन्हें यह पता चल जाएगा कि नगरपरिषद के भ्रष्ट अधिकारियों ने शहर बेड़ा गरक कर रखा है। जनता नरक भोग रही है और अधिकारी सरकारी खजाना खाली कर अपनी तिजोरिया भरने में जुटे हुए हैं।

## वरिष्ठ नागरिकों ने मनाया मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** मिलन समारोह में भाग लेते वरिष्ठ नागरिक। फोटो : हरिभूमि

सीनियर सिटीजंस वेलफेयर आर्गेनाइजेशन ने अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष कस्तूरी छाबड़ा के नेतृत्व में अनेक गेम्स, चुटकले बाजी तथा मनोरंजक शायरोशारी प्रस्तुत की गई। इसके अलावा तोल मोल के बोल, उछलती कूदती गेंद, लक्की ड्रा, पति-पत्नियों पर आधारित अद्भुत प्रस्तुतियों व मुकाबले तथा ताश के पत्तों के जरिए दर्शकों ने इस रोमांचक व यादगार समारोह का जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सदस्यों तथा बच्चों को पुरस्कार और मेहमानों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ललित जैन ने आर्गेनाइजेशन के समाज सेवी कार्यों की प्रशंसा करते हुए भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। इस समारोह में महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर सिरसा शाखा के नेतृत्व में ऐलनाबाद शाखा का गठन भी किया गया, जिसमें ईश मेहता को प्रधान, सुशील पारीक को सचिव व बृजलाल सोमानी को आगामी चुनाव तक के लिए कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर की सफलता में देवेंद्र पाहूजा, सुशील गुप्ता, डीपी सिंगला, नरेश नारंग, ओमप्रकाश मेहता व महेंद्र कुमार ने अहम भूमिका निभाई।

## पर्युषण पर्व पर स्लाटर हाउस व मीट की दुकानें बंद करने की मांग


ज्ञापन सौंपते जैन समाज के लोग।

**रतिया।** जैन समाज के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंच कर तहसीलदार को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पर्युषण पर्व के दौरान शहर के सभी स्लाटर हाउस व मास-मीट की दुकानों को बंद करवाने की मांग की। इसके बाद अधिकारियों ने इसको लेकर मीट बेचने वाले सभी दुकानदारों को दुकानें बंद करने का नोटिस जारी कर दिया है। एस.एस. जैन सभा के अध्यक्ष संजू जिंदल ने बताया कि जैन संतों के चातुर्मास के दौरान हर वर्ष समाज द्वारा प्रयूषण पर्व बड़े श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाता है। इस बार भी 28 अगस्त तक प्रयूषण पर्व बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। यह प्रयूषण पर्व जैन समाज बड़ी श्रद्धा भक्ति से मनाता है ,इसलिए इस प्रयूषण पर्व के उपलक्ष में 28 अगस्त तक सभी स्लाटर हाऊस व मीट की दुकानें बंद रखी जाए। जैन सभा अध्यक्ष ने बताया है कि हरियाणा सरकार द्वारा भी स्थानीय शहरी निकाय निदेशालय को प्रयूषण पर्व पर स्लाटर हाउस और मीट की दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किए हुए हैं।

## ट्रेन में लूटपाट के आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


**सिरसा।** चलती ट्रेन में लूटपाट की घटना में पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

कालांवाली व सिरसा के बीच चलती ट्रेन में हुई लूटपाट की घटना को रेलवे पुलिस प्रशासन ने सुलझा लिया है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिरसा जीआरपी थाना प्रभारी रणबीर सिंह ने कालांवाली में शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसका खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान गांव लक्कड़वाली निवासी कुलवंत सिंह, मनप्रीत सिंह और बलविंदर सिंह के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने यात्रियों से छीने गए मोबाइल फोन, चांदी का कड़ा ,चांदी की चेन व 3 हजार रुपये नकदी के अलावा वारदात में शामिल एक कापा ,एक लोहे की रॉड पट्टी एवं बेसबॉल डंडा बरामद किया है। आरोपी कुलवंत सिंह व मनप्रीत के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गौरतलब है कि सिरसा के हरि विष्णु कॉलोनी का पवन कुमार बीती 15 अगस्त को अपने नाना-नानी के साथ हरिद्वार से सिरसा आ रहा था। तब रात्रि करीब पौने 12 बजे बठिंडा से हिसार जाने वाली ट्रेन पर गांव सुखचैन स्टेशन से तीन युवक डंडे व लोहे की रॉड सहित ट्रेन पर चढ़े और उससे मारपीट करने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपियों ने उससे 9 हजार रुपये , मोबाइल, चांदी का कड़ा व चेन छीनकर बड़ागुढ़ा रेलवे स्टेशन पर उतरकर फरार हो गए।

## स्वामी धर्मदेव ने किया निर्माणाधीन पंचनद सेवा सदन का निरीक्षण


**फतेहाबाद।** स्वामी धर्मदेव का स्वागत करते पंचनद के सदस्य।

**फतेहाबाद।** महामण्डलेश्वर एवं पंचनद स्मारक ट्रस्ट के आजीवन राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी धर्मदेव महाराज ने पंचनद सेवा सदन में निरीक्षण किया। उन्होंने पंचनद सदन में पौधारोपण भी किया। स्वामी धर्मदेव ने 14 अगस्त को फरीदाबाद में आयोजित विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के दौरान फतेहाबाद से ज्यादा संख्या मे पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान पंचनद सदन की टीम द्वारा किए गए कार्यो पर प्रसन्नता व्यक्त की आपस मे मिलजुल कर समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। राधाकृष्ण नारंग ने बताया कि इस अवसर पर पंचनद स्मारक ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दर्शन नागपाल, विजय निर्मोही, राष्ट्रीय सचिव शाम बजाज, पंचनद सदन के अध्यक्ष किशोरीलाल नारंग, संरक्षक भीम सैन आनन्द, शैलेन भास्कर, पंचनद सदन के उपाध्यक्ष मदनलाल मुटरेजा, अनिल असीजा, कोषाध्यक्ष देव राज खन्ना, कार्यालय प्रबन्धक रत्न चन्द भठेजा, राजेन्द्र चौधरी काका, संजीव गेरा व अन्य मौजूद रहे।

## मुआवजा हड़पने का आरोपी काबू

■ पुलिस के इकोनॉमिक सेल ने 1.60 लाख के साथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** गिरफ्तार आरोपी

अधिकारियों द्वारा मिलीभगत कर किसानों के बीमा क्लेम व मुआवजा राशि में गड़बड़ी करने के के मामले में कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान कमलजीत पुत्र सूरज प्रकाश निवासी ढाणी मियां खान, फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 1 लाख 60 हजार की नगदी बरामद की गई है। इकोनॉमिक सेल प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री उडऩदस्ता, हिसार से प्राप्त शिकायत और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई जांच में एक बड़े मुआवजा घोटाले का खुलासा हुआ था। जांच में सामने आया कि गांव बड़ोपल में पटवारी राजेंद्र प्रसाद, कुछ कानूनगो, नायब तहसीलदार और तत्कालीन तहसीलदार रणविजय सुल्तानियां ने निजी सहायकों व अन्य व्यक्तियों की मिलीभगत से किसानों के बीमा क्लेम और मुआवजा राशि में भारी गड़बड़ी की। जांच में यह भी पाया गया कि खरीफ 2021 में खराबा फसल की क्षतिपूर्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा गांव बड़ोपल के किसानों को 4.25 करोड़ की राशि जारी की गई थी, लेकिन मुआवजा वितरण सूची में कई स्थानों पर फर्जी नाम, गलत बैंक खाता नंबर, और गैर-हकदार व्यक्तियों को अवैध रूप से बड़ी रकम जारी की गई। इस धोखाधड़ी में कमलजीत, राहुल, सुरजीत, सुन्दर उर्फ बिल्ला समेत कई निजी व्यक्तियों ने कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी खातों के माध्यम से लाखों रुपये हड़प लिए।

**स्वास्थ्य** 26 अगस्त को विशेष अभियान के तहत 19 वर्ष के बच्चों को दी जाएगी दवाई

# बच्चों को कुपोषण से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की खुराक देना जरूरी

सिविल सर्जन डा. एमके भादू ने तैयारियों को लेकर बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिविल सर्जन डा. एमके भादू ने कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाने तथा उन्हें स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग करें। कार्यक्रम के माध्यम से 26 अगस्त को विशेष अभियान के तहत एक साल से 19 वर्ष के बच्चों को पेट के कीड़े मारने के लिए एल्बेंडाजोल की गोली दी जाएगी। इसके अलावा एल्बेंडाजोल की गोली से वंचित रहे बच्चों को दो सितंबर को यह गोली दी जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करना होगा ताकि शत प्रतिशत बच्चों को दवा दी जा सके।

सिविल सर्जन शुक्रवार को कृमि मुक्ति दिवस के तहत स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सिविल सर्जन ने कहा कि विशेष अभियान के तहत सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में इस अभियान को सफल बनाने की रुपरेखा तैयार करें। यह भी सुनिश्चित करें कि इस दिन स्कूलों में बच्चों की हाजिरी अधिक से अधिक हो।

जिला के सभी सरकारी स्कूल, गैर सरकारी स्कूल, आईटीआई, सरकारी महाविद्यालय, निजी महाविद्यालयों व सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में यह गोली मुफ्त दी जाएगी।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी**

उप सिविल सर्जन डॉ. राजेश चौधरी ने बताया कि एल्बेंडाजोल की गोली स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, एनीमिया में नियंत्रण, समुदाय में कृमि संक्रमण की व्यापकता में कमी, सीखने की क्षमता और व्यस्क होने पर काम करने की क्षमता में बढ़ोतरी में कारगर है। उप सिविल सर्जन डॉ. संदीप सिंह ने बताया कि यदि दस्त लगना, पेट में दर्द होना, कमजोर होना, उल्टी लगना और भूख ना लगना, पढ़ाई में मन ना लगना व खून की कमी होना आदि कुपोषण के लक्षण है। उन्होंने बताया कि पेट के कीड़े मारने की एल्बेंडाजोल गोली की मात्रा एक से दो साल के बच्चों के लिए आधी गोली चम्मच में पीसकर दी जानी है। दो से तीन साल के बच्चों को पूरी गोली चम्मच में पीसकर दी जानी है व तीन साल से 24 साल तक के बच्चों व महिलाओं को पूरी गोली चबाकर खिलाने की हिदायत दी गई हैं। इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार, उप सिविल सर्जन डॉ. संदीप, डॉ. भारत भूषण, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रीत कौर, सुपरवाइजर रेनू बाला, डॉ अंकुर कटारिया व अन्य मौजूद रहे।